अम्बे सारी दुनिया ये तेरी ही तो दीवानी है

अम्बे सारी दुनिया ये तेरी ही तो दीवानी है,
सब कहते है तुम जैसा ना कोई भी दानी है.....

जो भी मिला है मुझे तुझसे ही पाया है,
पावन ये मन मेरा निर्मल जो काया है,
तुझसे ही होती माँ ,
सफल ज़िंदगानी है ,
अम्बे सारी दुनिया ये तेरी ही तो दीवानी है....

ऋषियों ने पूजा तुझे देवो ने माना है,
महिमा तेरी गाते शक्ति को भी जाना है,
अम्बर से धरती तक तेरी ही कहानी है,
अम्बे सारी दुनिया ये तेरी ही तो दीवानी है.....

जिसने पुकारा तुझे तूने जीवन संवारा है,
तुझे छोड़ जाऊं कहा मेरा तू ही सहारा है,
ममता की तू मैया एक निर्मल रवानी है,
अम्बे सारी दुनिया ये तेरी ही तो दीवानी है......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29021/title/ambey-sari-duniya-ye-teri-hee-to-diwani-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |